



# बसों में सुरक्षा कवच नहीं तो यात्री सूचना दें : कलेक्टर

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 29 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने कहा कि सुरक्षा मानको का पालन नही होने, यात्री बसों में सुरक्षा कवच का अभाव होने पर यात्री सहित अन्य कोई भी व्यक्ति इसकी सूचना परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग को दे सकते है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की सूचना मिलने पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। बसों में फायर सेफ्टी, आपातकालीन द्वार, फिटनेस आदि जो भी मानक बसो के संचालन के लिए है, उन्हें अंकित किया जायें तथा सूचना देने के लिए फोन नंबर भी अंकित कराये जायें। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित सडक सुरक्षा समिति की बैठक में अधिकारियों को निर्देश दे रही थी।

**निर्धारित रूटों पर चलने वाले ऑटो पर कलर कोडिंग की जाए : एसपी**

बैठक में पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य, एसडीओपी राजीव गुप्ता सहित परिवहन, एनएच, एमपीआरडीसी, पीडब्ल्यूडी, जल संसाधन, नगरपालिका, स्वास्थ्य, यातायात, पीएमजीएसवाय आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने कहा कि विभिन्न सुरक्षा मानको का संचालन नही करने वाले बसों पर कडी कार्यवाही की जायें, जिन बसों में आपातकालीन द्वार नही है तथा उस स्थान पर सीट लगी हुई है तो कडी कार्यवाही की जायें, इसके साथ ही फायर सेफ्टी, फिटनेस आदि की जांच भी की जायें। उन्होंने कहा कि बार-बार निर्देशो एवं मानको का उल्लंघन करने वाले बसों के परमिट निरस्त करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। इसके साथ ही उन्होंने आगामी वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए सभी सडक निर्माण विभागों को निर्देश दिये कि जलमग्नीय पुल एवं पुलियाओं की सूची उपलब्ध कराते हुए एक सप्ताह में ऐसे सभी स्थानों पर सुरक्षा संकेतक लगाये जायें। पुलियाओं पर अधिक पानी होने की स्थिति में आवागमन रोकने के उद्देश्य से विभागीय कर्मचारियों को नियुक्त किया जायें।

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश दिये कि मैरिजगार्डनों में भी सभी प्रकार के सुरक्षा उपायों की जांच सुनिश्चित की जायें तथा पार्किग व्यवस्था निर्धारित मानको के अनुरूप सुनिश्चित कराई जायें, उल्लंघन करने वाले मैरिज गार्डनों पर कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। उन्होंने विधुत मंडल के अधिकारियों को निर्देशित किया एनएच-552 सिटी पोर्सन में विधुत पोल की शिफ्टिंग कार्य की प्रक्रिया को पूर्ण कर पोल शिफ्टिंग कराये जाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही सीप नदी पर नव निर्मित नहर रोड नागदा पुल पर एप्रोच रोड का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किये।

पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने कहा कि यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा समन्वय से निर्धारित किये गये 6 रूटों पर चलने वाले ऑटो के लिए कलर कोडिंग की जायें, जिससे गतंव्य की ओर जाने वाले ऑटो के बारे में आसानी से पहचान हो सकें। इसके साथ ही ऑटो पर रूट चार्ट भी प्रदर्शित किया जायें। उन्होंने कहा कि ऑटो खडे करने के लिए निर्धारित पार्किग स्थलो पर नगरपालिका द्वारा लाइनिंग का कार्य कराया जायें। इसके साथ ही उन्होंने राहवीर योजना के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

**ऑटो के लिए निर्धारित 6 रूट**

यातायात निरीक्षक संजय राजपूत ने बैठक में बताया कि शहर में ऑटो संचालन के लिए 6 रूट नियत किये गये है, जिसमें जेल के सामने से बायपास होकर सलापुरा तक, जिला अस्पताल से किला गेट, मोती टिकिया गांधी पार्क तक, नवीन बस स्टैण्ड से मेडिकल कॉलेज नागदा तक, पुल दरवाजे से खातौली तिराहे तक, बस स्टैण्ड से कलेक्ट्रेट तक तथा बस स्टैण्ड से गांधी चौक तक शामिल है।

**बडौदा में नालों की सफाई कार्य में तेजी लाने के निर्देश**

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने बैठक के दौरान नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश दिये कि बडौदा में नालो की सफाई का कार्य तेजी से किया जायें तथा राजस्व अमले का सहयोग लिया जायें, उन्होने कहा कि बारिश से पूर्व बडौदा के सभी नालों की सफाई का कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जायें।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 31 को

**श्योपुर, 29 मई।** ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय श्योपुर के सहयोग से पुष्पाश्री फाउंडेशन एवं प्रेसक्लब द्वारा रक्तदान जागरूकता अभियान के तहत 31 मई रविवार को जिला चिकित्सालय श्योपुर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पुष्पाश्री फाउंडेशन के अध्यक्ष अरूण ओसवाल ने उक्त रक्तदान शिविर में नागरिकों से रक्तदान के इस महाअभियान में अपनी सहभागिता करने की अपील की गई है। स्व. मुकेश गुप्ता स्मृति सेवा न्यास तथा भारत स्काउट एवं गाइड भी इसमें सहभागी रहेंगे।

# पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 39वीं पुण्यतिथि मनाई

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 29 मई।** कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं जाट समाज के वरिष्ठजनों ने चौधरी साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया एवं उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर भाजपा नेता गिर्राज चौधरी, जनपद अध्यक्ष रीना आशीष मीणा, बसपा नेता बिहारी सिंह सोलंकी, भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष राघवेंद्र जाट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, किसान यूनियन अध्यक्ष नरेंद्र चौधरी, भीम सिंह, राजस्थान से आनंद पाल चौधरी, एडवोकेट राकेश जाट, समाजसेवी भूपेंद्र सिंह कराड़िया, राष्ट्रीय जाट तेजवीर सेना के पूर्व





जिला अध्यक्ष कन्हैया जाट, पूर्व जिला अध्यक्ष परमेश्वर जाट, जिला उपाध्यक्ष रिंकू चौधरी ,पूर्व मंडी उपाध्यक्ष भोला जाट, सरपंच कप्तान जाट, रवि चौधरी सहित जाट समाज की वरिष्ठ कार्यकारिणी एवं अन्य साथी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि चौधरी चरण सिंह जी जीवनभर किसानों, गरीबों एवं मजदूरों के हितों के लिए संघर्ष करते रहे। उन्होंने किसानों की आवाज को देश की राजनीति में मजबूती से उठाया और सदैव किसान हित में कार्य किया। वक्ताओं ने कहा कि आज भी सर्व समाज के किसान उन्हें अपने आदर्श के रूप में याद करते हैं। कार्यक्रम का माहौल श्रद्धा एवं सम्मान से भरा रहा, जहां सभी उपस्थित लोगों ने चौधरी साहब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

# खाद्य पंजीयन के लिए शिविर 1 जून को वीरपुर में

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 29 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में खाद्य पदार्थो से संबंधित व्यवसाय करने वाली फर्मो, दुकानों के नवीन खाद्य पंजीयन बनाने तथा लाईसेंस के नवीनीकरण के लिए शिविर लगाये जा रहे है। फूड सेफ्टी ऑफिसर धर्मेन्द्र जैन ने बताया कि पंचायत भवन वीरपुर में 01 जून को, पंचायत भवन ढोढर में 04 जून को, तहसील कार्यालय कराहल में 08 जून को, जगदीश धर्मशाला बडौदा में 11 जून को तथा धर्मशाला विजयपुर में 15 जून को शिविर लगाये जायेंगे। इस शिविर में किराना, मेडिकल स्टोर, दूध डेयरी, दूध विक्रेता, फल सब्जी वाले, फास्टफूड, रेस्टोरेंट, मिष्ठान भण्डार, आटा चक्की, ऑयल स्पेलर, पान की दुकान अथवा केंटीन चलाने वाले आदि ऐसे दुकानदार जो खाने-पीने की सामग्री का विक्रय करते है, वे अपना पंजीयन अनिवार्य रूप से करायें, जिन्होंने पूर्व में पंजीयन करा रखे है, वे अपने लाईसेंस का नवीनीकरण करा सकते है, बगैर खाद्य पंजीयन लाईसेंस के खाद्य पदार्थो का व्यवसाय करना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत दण्डनीय अपराध है।

**ढोढ़र, कराहल, बडौदा एवं विजयपुर में भी लगेंगे शिविर**

# देशभक्ति का अलख जगाने वाले वीर सैनानी थे सावरकर : गौतम

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 29 मई।** युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के मेरा युवा भारत संगठन द्वारा मुक्तिबोध युवक मंडल के सहयोग से वीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती के उपलक्ष्य में संगोष्ठी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन शहर के पुल दरवाजा स्थित सिद्धार्थ कोचिंग सेंटर में किया गया। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं प्रखर राष्ट्रवादी विचारक विनायक दामोदर वीर सावरकर की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई।

**मेरा युवा भारत ने मनाई विनायक दामोदर सावरकर जयंती**




कार्यक्रम का शुभारंभ वीर सावरकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवा समाजसेवी आशुतोष गौतम मौजूद रहे वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता डायरेक्टर कैलाश गुप्ता ने की। कार्यक्रम का संचालन मुक्तिबोध युवक मंडल के अध्यक्ष गिर्राज किशोर शर्मा ने किया। इस अवसर पर कोचिंग के छात्र छात्राऐं एवं शिक्षण स्टाफ भी उपस्थित रहा। मुख्य अतिथि गौतम द्वारा वीर सावरकर के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को बताया गया कि उनका जन्म 28 मई 1883 को महाराष्ट्र के नासिक जिले के भगूर गांव में हुआ था।

वह महान स्वतंत्रता सेनानी, राष्ट्रवादी लेखक एवं हिंदुत्व विचारधारा के प्रमुख प्रवर्तक थे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कैलाश गुप्ता ने कहा कि हमें राष्ट्र के प्रति निष्ठावान रहना चाहिए ताकि अपने देश की सेवा में जीवन न्यौछावर कर सके। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अनुष्का गर्ग प्रथम, वर्षा गूर्जर द्वितीय एवं नरोत्तम सुमन तृतीय स्थान पर रहे, जिन्हें शील्ड प्रदाय कर सम्मानित किया गया। इस दौरान स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।

# गंगा दशहरा पखवाड़े के तहत निकाली कलश यात्रा

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 29 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विजयपुर ब्लॉक की नवांकुर संस्था भोलेनाथ समग्र विकास समिति ओछापुरा एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ओछा के सहयोग



से ग्राम में कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा के प्रारम्भ में ओछा गांव के नजदीक जल स्रोत हेडपंप का पूजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ओछा एवं नवांकुर संस्था के सचिव श्रीनिवास शर्मा एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक श्रीमती नीतू गौतम, कराहल सेक्टर की नवांकुर संस्था सरस्वती महिला मंडल एवं समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष दीपक गुप्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती पार्वती आदिवासी, सहायिका श्रीमती धापी आदिवासी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति उधमपुर के अध्यक्ष महेश कुशवाह, सचिव हरिओम कुशवाह, ओदल सदस्य, हरलाल, ग्राम उधमपुर के पंच कमल सिंह, समाजसेवी संतोष आदिवासी तथा ग्रामीण जनों की सहभागिता रही।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट कमेंट और शेयर पर होगी कार्यवाही

**श्योपुर, 29 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा पूर्व से ही भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के अंतर्गत जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया हुआ है। आदेश में कहा गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, एक्स आदि पर आपत्तिजनक पोस्ट, फोटो, वीडियो, कमेंट, शेयर या लाइक करने से विभिन्न वर्गों में तनाव और कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की संभावना बनी रहती है। कानून-व्यवस्था एवं सामाजिक सद्भाव बनाए रखने हेतु ऐसे सभी प्रकार की गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। किसी भी जाति, समुदाय या धर्म के प्रति अपमानजनक टिप्पणी, सांप्रदायिक संदेश, अश्लील भाषा या आपत्तिजनक अभिव्यक्ति पोस्ट करने, फॉरवर्ड करने या उन पर प्रतिक्रिया देने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आदेश के उल्लंघन की स्थिति में दोषियों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 223 सहित संबंधित सायबर विधियों के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# खाद्य पंजीयन के लिए शिविर 1 जून को वीरपुर में

**श्योपुर, 29 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में खाद्य पदार्थो से संबंधित व्यवसाय करने वाली फर्मो, दुकानों के नवीन खाद्य पंजीयन बनाने तथा लाईसेंस के नवीनीकरण के लिए शिविर लगाये जा रहे है। फूड सेफ्टी ऑफिसर श्री धर्मेन्द्र जैन ने बताया कि पंचायत भवन वीरपुर में 1 जून को, पंचायत भवन ढोढर में 04 जून को, तहसील कार्यालय कराहल में 8 जून को, जगदीश धर्मशाला बडौदा में 11 जून को तथा धर्मशाला विजयपुर में 15 जून को शिविर लगाये जायेंगे। शिविर में किराना, मेडिकल स्टोर, दूध डेयरी, दूध विक्रेता, फल सब्जी वाले, फास्टफूड, रेस्टोरेंट, मिष्ठान भण्डार, आटा चक्की, ऑयल स्पेलर, पान की दुकान अथवा केंटीन चलाने वाले आदि ऐसे दुकानदार जो खाने-पीने की सामग्री का विक्रय करते है, वे पंजीयन अनिवार्य रूप से करायें, जिन्होंने पूर्व में पंजीयन करा रखे है, वे अपने लाईसेंस का नवीनीकरण करा सकते है, बगैर खाद्य पंजीयन लाईसेंस के खाद्य पदार्थो का व्यवसाय करना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत दण्डनीय अपराध है। फोटो, आधारकार्ड, पेनकार्ड, दुकान की फोटो एवं दुकान का नाम तथा संचालक का मोबाइल नंबर के साथ शिविर में उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते है।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 29 मई।** आज ग्राम पीपल बावड़ी में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य एवं पोषण परियोजना के अंतर्गत अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के सहयोग से धरती संस्था विजयपुर श्योपुर द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत ग्राम में जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली के माध्यम से तंबाकू सेवन से होने




वाले दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक किया गया तथा 'तंबाकू छोड़ो - जीवन जोड़ो' जैसे नारों के माध्यम से संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रैक्टिकल एवं स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों का आयोजन भी किया गया, जिसमें तंबाकू सेवन से होने वाली बीमारियों एवं उसके दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं नशामुक्त समाज बनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में धरती संस्था से दशरथ अहिरवार, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सीताराम शर्मा कलस्टर कोऑर्डिनेटर, आशा आंगनवाड़ी सहायिका एवं किशोर किशोरी, ग्रामीण जन उपस्थित रहे। उद्देश्य समाज को तंबाकू मुक्त बनाना एवं लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।

## एक नजर में

### पुलिस ने किया चोर को गिरफ्तार, पंखें करता था चोरी

**विजयपुर, 29 मई।** नगर की ब्राम्हण समाज की धर्मशाला के पीछे हनुमानजी मन्दिर से दो बजे के करीब एक मुसलमान युवक ने पंखा चोरी कर लिया था जिसकी सूचना मिलते ही अफरा तफरी मच गई कुछ देर बाद सूचना मिलते ही पुलिस को सूचना दी कि एक मुसल मान युवक अय्या खान जो अभी अभी जेल से बाहर आया है जिसे पकड़ा गया तब उसने पुलिस को बताया गया कि मैंने उक्तपंख्खा बस स्टैंड पर एक दुकान दारको को बेच दिया है तब पुलिस उक्त चोर को लेकर विजयपुर बस स्टैंड पर पहुंची और पंखा बरामद कर थाने लाये बताया जा रहा है कि उक्त ब्यक्ती अंय्या खान आदतन अपराधी है यह विजयपुर नगर के बार्ड क्रमांक 4 मुसलमान मुहल्ले का निवासी है पुलिस विजयपुर की शर्कीयता ने आज माल ब मुल्जिम को अपनी हिरासत में ले लिया है आगे पुलिस पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी राजन सिंह गुर्जर ने बताया कि आज समीर खान पुत्र जहीर खान उम्र 23 बर्ष निबासी विजयपुर वार्ड क्रमांक 4 मुसलमान मुहल्ले वाले को पंख्खा चोर को पकड़ कर चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है , थाना प्रभारी राजन सिंह गुर्जर ने बताया कि उक्त आरोपी पूर्व मैं भी चोरी चपाटी की घटनाओं मैं लिप्त रहा है।



### विजयपुर में हुई बारिश

**विजयपुर।** आज विजयपुर नगर में श्याम 7 बजे से बादलों की गड़ गड़ा हट के साथ पानी बर्षा आज दिन भर बादल छाए रहे पानी के बर्ष ने से आम जन जीवन को गर्मी से राहत मिली है पानी अच्छा बर्ष रहा है जिससे नगर की नालीयौ मैं पानी बह रहा है ।



### जीर्णोद्धार के बाद निखरा कराहल कुंए का स्वरूप

**श्योपुर।** जल गंगा सवंर्धन अभियान अंतर्गत प्राचीन बावडियों एवं कुओं की साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार के कार्य कराये जा रहे है। जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे है। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में अभियान के तहत प्राचीन एवं एतिहासिक बावडियों को उनका पुराना वैभव प्रदान करने के लिए जहां जीर्णोद्धार तथा बावडियों के प्राकृतिक जल मार्गो को साफ-सफाई कर पुर्नजीवित करने का कार्य किया जा रहा है, वही प्राचीन कुओं को भी निखारा जा रहा है। कुओं में पानी के पर्याप्त जल स्तर के लिए कूप वाटर रिचार्ज के कार्य किये जा रहे है। इसके साथ ही साफ-सफाई, रंगाई-पुताई एवं मरम्मत से कुओं का स्वरूप निखरने लगा है। ग्राम पंचायत कराहल में प्राचीन कुए को भी नया रूप देने का कार्य अभियान के तहत किया गया है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत इस प्राचीन कुएं की साफ-सफाई कराते हुए सौन्द्रर्यकरण किया गया है, जिससे कुए का स्वरूप निखर कर आकर्षक हो गया है।



### बड़ौदा क्षेत्र में नालों की साफ-सफाई कार्य का निरीक्षण

**श्योपुर।** एसडीएम गगन सिंह मीणा द्वारा बड़ौदा क्षेत्र में नालों की साफ-सफाई एवं जल निकासी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए सभी नालों की साफ-सफाई, गहरीकरण एवं अवरोध हटाने का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए ताकि जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो।

### ईव्हीएम गोदाम का बाहरी मासिक निरीक्षण




**श्योपुर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री शीला दाहिमा द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित ईव्हीएम गोदाम का बाहरी मासिक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, निर्वाचन कार्यालय से अकलाख खान सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।



### गेहूं उपार्जन कार्य की समीक्षा, खुले में न रहे गेहूं

**श्योपुर।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा आज जिले में गेहूं उपार्जन कार्य की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसी भी खरीदी केन्द्र पर गेहूं खुले में न रहे, बारिश की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल शत प्रतिशत गेहूं का भण्डारण गोदामों अथवा वेयरहाउस में कराया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, प्रभारी अधिकारी फूड एवं डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य, फूड इंस्पेक्टर सुनील शर्मा सहित एफसीआई, कृषि, मार्केटिंग, सहकारिता, कॉपरेटिव बैंक, सीडब्ल्यूसी, नॉन आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने कहा कि जिले में शासकीय समर्थन मूल्य पर 1 लाख 25 हजार 367 मैट्रिक टन गेहूं की खरीदी की गई है तथा अधिकतर गेहूं गोदामों एवं वेयरहाउस में सुरक्षित रूप से भण्डारित किया गया है। उन्होंने कहा कि लगभग 4 हजार मैट्रिक टन गेहूं जो खुले में है, उसकी तत्काल बैगिंग की जाकर भण्डारण हेतु परिवहन कराया जायें। बारिश की संभावना को देखते हुए यह सुनिश्चित किया जाये कि खुले में रखा गेहूं खराब न हो और उसका भण्डारण सुनिश्चित किया जायें।